दैनिक जागरण 11/12/2022

# महिला उत्पीड़न रोकने के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक



जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते हुए। • सौ. विज्ञप्ति

**अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की आइसीसी कमेटी ने अंग्रेजी विभाग के साथ मिलकर कालेज के विद्यार्थियों के लिए खास तौर पर छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक व्याख्यान का आयोजन किया। इसका विषय कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाला उत्पीड़न रहा। इस व्याख्यान के प्रमुख वक्ता राकेश मेहता रहे जिनका स्वागत कॉलेज प्राचार्य डा. वीके जैन ने किया। राकेश मेहता ने न केवल पीपीटी के माध्यम से अपितु अपने विचारों को सार्थक ढग से मूर्त रूप देकर सभी विद्यार्थियों को क्रमवार रूप से समझाया। उन्होंने बताया कि उत्पीड़न केवल शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक, सामाजिक व तनाव से संबंधित भी होता है। इस मौके पर सीमा कंसल, डा. अमित कुमार, डा. अंशु चौधरी व डा. नीना, डा. राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। यूथ रेडक्रास की ओर से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन भी किया गया।